यह पुस्तक छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा पढ़ने के विशेष तकनीक को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह क्रमिक अधिगम सामग्री बच्चों को तेज गति से पढ़ने में मदद करेगी।

21

गली क्रिकेट



कक्षा–तीसरी

क्रमिक अधिगम सामग्री

चुन्नू, मुन्नू और बुन्नू टी.वी. पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। मैच खतम हुआ। तीनों ने भी क्रिकेट खेलने की ठानी।



उन्होंने मिल्लू, गुड्डू और बल्लू को भी बुला लिया। अब उनका गली–क्रिकेट शुरू हो गया।

अब स्टंप बनाने की बारी थी। उन्होंने चुन्नू के घर की दीवार पर कोयले से मोटी–मोटी तीन लकीरें खींच दी। उनका स्टंप तैयार हो गया।

चुन्नू ने कहा– ''चलो पहले बैट, बॉल और स्टंप बनाते हैं।''



मुन्नू अपने घर से लकड़ी का एक पल्ला ले आया। उसमें थोड़ी सी काट–छाँट की। उनका बैट तैयार हो गया।



बुन्नू अपने घर से पुराने कपड़ों के कुछ टुकड़े और रबर ले आया। कपड़ों के टुकड़ों को गोल लपेट दिया। उसके ऊपर रबर बाँध दिया। उनकी बॉल तैयार हो गई।